# ईएसआई योजना पर लगाया गया जागरूकता सत्र



लुधियाना| कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा फोकल पॉइंट में नियोजकों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी प्राणेश कुमार सिन्हा, ईएसआई आदर्श अस्पताल से चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भैरवी देशमुख ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। पंकज कुमार सहायक निदेशक ने स्वागत भाषण के दौरान नियोजकों को आगे बढ़ कर ईएसआई योजना के कार्यान्वयन में आ रही असुविधाओं को कम करने करने अपने सुझाव रखने का आव्हान किया। इस कार्यक्रम में अश्वनी कुमार सेठ, सहायक निदेशक(जनसंपर्क) द्वारा वहा पर मौजूद प्रतिभागियों को ईएसआईसी के विभिन्न हितलाभों की जानकारी देते हुए सभी हितलाभों के क्लेम आईपी पोर्टल के द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने के बारे में बताया गया। ऑनलाइन आवेदन के जरिये बीमित व्यक्ति स्वयं बीमारी हितलाभ क्लेम, नियोजन के दौरान चोट लगने पर अस्थाई अपंगता हितलाभ तथा मातृत्व हितलाभ संबंधी विभिन्न हितलाभ बिना शाखा कार्यालय जाए प्राप्त कर सकता है। इसके साथ ही अब बीमित व्यक्ति अपने व अपने परिजनों का आधार नंबर मोबाइल ऐप के जरिये आईएसएसी के साथ लिंक कर ABHA आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट बनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में नियोजकों द्वारा ईएसआई योजना के कार्यान्वयन में या रही समस्याओं के बारे में बताया गया तथा और बेहतर करने के लिए सुझाव दिए गए, जिन्हें कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सुना गया तथा उचित समाधान का आश्वासन दिया।